# 21-01-2021

## भारत नवाचार सूचकांक

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. भारत में नवाचार सूचकांक, नीति आयोग और इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पीटीशन द्वारा तैयार किया जाता है।
2. इस सूचकांक को तैयार करने में दो मुख्य पहलुओं को ध्यान में रखा जाता है- नवाचार क्षमता और नवाचार परिणाम।
3. भारत नवाचार सूचकांक का पहला संस्करण वर्ष 2019 में जारी किया गया था।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01, 02 और 03 (D) 01, 02 और 03

**(D) 01, 02 और 03**

**भूमिका** :- हाल ही में नीति आयोग ने भारत नवाचार सूचकांक का दूसरा संस्करण जारी किया है। इसे ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स की तर्ज पर विकसित किया गया है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु** :-

- भारत नवाचार सूचकांक, नीति आयोग और इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पीटीशन द्वारा तैयार किया जाता है।
- इस इंडेक्स का उद्देश्य भारतीय राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में नवाचार को प्रोत्साहित करने और उनके बीच नवाचारों के लिए एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का महौल तैयार करना है।
- इस सूची में राज्यों के तीन भागों में विभक्त किया गया है-
  (1) बड़े राज्य
  (2) उत्तर पूर्वी और पहाड़ी राज्य
  (3) केन्द्र शासित प्रदेश और छोटे राज्य।
- इस सुचकांक को तैयार करने में दो मुख्य पहलुओं को ध्यान में रखा जाता है-
  (1) नवाचार क्षमता
  (2) नवाचार परिणाम।
- भारत नवाचार सूचकांक का पहला संस्करण वर्ष 2019 में जारी किया गया था।
- भारत नवाचार सूचकांक 2020 में बड़े राज्यों की श्रेणी में कर्नाटक को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है, उसके बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलगांना और केरल है।
- केन्द्र शासित प्रदेशों और उत्तरपूर्वी और पहाड़ी राज्यों में, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश क्रमशः शीर्ष स्थान पर है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा कर्नेट विश्वविद्यालय और INSEAD के साथ मिलकर वैश्विक नवाचार सूचकांक जारी किया जाता है।
- हाल ही में इस सूचकांक के 8 वें संस्करण- वैश्विक नवाचार सूचकांक-2020 को जारी किया गया। जिसकी थीम Who will finance innovation था।
- पिछले साल भारत को 52 वां स्थान प्राप्त हुआ था तो इस साल भारत का स्थान 48 वां है अर्थात 4 अंकों का सुधार हुआ है, और भारत अंडर-50 देशों में शामिल हो गया है।
- स्विज़रलैंड इस सूचकांक में लगातार शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

## ग्लोबल फॉयरपावर इंडेक्स-2021

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अमेरिका 904 अटैक हेलीकॉप्टर और 11 एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ सूचकांक में सबसे ऊपर है।
2. रूस दूसरे स्थान पर और चीन तीसरे स्थान पर है, वही चौथे स्थान पर 542 लड़ाकू विमान, 17 पनडुब्बियां, 4730 टैंक और 37 अटैक हेलीकॉप्टर है।
3. ग्लोबल फायरवायर इंडेक्स की गणना भूगोल से लेकर लॉजिस्टिक क्षमता तक पचास व्यक्तिगत कारकों का उपयोग करके की जाती है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01, 02 और 03 (D) 01, 02 और 03

**(D) 01, 02 और 03**

**भूमिका** :- ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स में देशों को उनकी संभावित सैन्य ताकत के आधार पर रैंक किया जाता है। इस सूचकांक में भारत के चौथा स्थान दिया गया है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु** :-

- ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स की गणना भूगोल से लेकर लॉजिस्टिक क्षमता तक पचास व्यक्तिगत कारकों को उपयोग करके की जाती है, इसमें जनशक्ति थलसेना, वायु सेना, प्राकृतिक संसाधन, नौसेना बल, लॉजिस्टिक्स और वित्त भी शामिल है।
- ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स 138 देशों को रैंक प्रदान करता है। इन देशों का मूल्यांकन लंबे समय तक अक्रामक और रक्षात्मक सैन्य अभियानों के आधार पर किया गया है।
- अमेरिका 904 अटैक हेलीकॉप्टर और 11 एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ सूचकांक में सबसे ऊपर है, तथा अमेरिका के पास 68 पनडुब्बियां और 40,000 आर्मिड व्हीकल है।
- दूसरे स्थान पर रूस के पास 189 लड़ाकू विमान और 538 अटैक हेलीकॉप्टर है, तथा रूस के पास 13,000 टैंक और 64 पनडुब्बियां है। इसके अलावा, चीन के पास 35,000 बख्तरबंद वाहन है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- इस सूचकांक में भारत चौथे स्थान पर है, भारत के पास 542 लड़ाकू विमान, 17 पनडुब्बियां, 4730 टैंक और 37 अटैक हेलीकॉप्टर है।
- इस सूची में जापान पांचवे स्थान पर है, जापान के पास 2 हेलीकॉप्टर कैरियर 27 डिस्ट्रॉयर है।
- इस सूची में दक्षिण कोरिया को छटवें और उत्तर कोरिया को 28 वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स में पाकिस्तान दसवें स्थान पर है। पाकिस्तान ने सैन्य शक्ति के मामले में इजरायल, इंडोनेशिया, ईरान और कनाड़ा को पीछे छोड़ दिया है।
- वर्तमान में पाकिस्तान का वार्षिक रक्षा बजट 7 बिलियन अमरीकी डॉलर है।

## इंटरनेशनल माइग्रेशन–2021 रिपोर्ट

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के सबसे ज्यादा लोग संयुक्त अरब अमीरात में रहते है।
2. 2020 में प्रवासियों के मामले में भारत के बाद दूसरे देशों में मेक्सिको शामिल है।
3. 2020 में देश से बाहर रहने वाले लोगों की संख्या 18 मिलियन (1.80 करोड़) है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01, 02 और 03 (D) 01, 02 और 03

**(D) 01, 02 और 03**

**भूमिका** :- संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों (UNDESA) के जनसंख्या विभाग ने हाल ही में 'इंटरनेशनल माइग्रेशन 2021' रिपोर्ट जारी किया है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दू** :-

- दूसरे देशों में सबसे ज्यादा प्रवासियों की संख्या के मामले में भारत पहले पायदान पर पहुंच गया है।
- 2020 में देश से बाहर रहने वाले लोगों की संख्या 18 मिलियन (1.80 करोड़) है।
- प्रवासी भारत के सबसे ज्यादा लोग संयुक्त अरब अमीरात (3.5 मिलियन), अमेरिका (2. 7 मिलियन) और सऊदी अरब (2.5 मिलियन) में रहे है।
- रिपोर्ट में कहा गया है, कि इसके अलावा बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोगो ऑस्ट्रेलिया, कनाड़ा, कुवैत, अमीन, कतर और यूनाइटेड किंगडम जैसे देश शामिल है।
- वर्ष 2080 में प्रवासियों के मामले में भारत के बाद दूसरे बड़े देशों में मेक्सिकों 11 मिलियन, रूस (11 मिलियन), चीन (10 मिलियन) और सीरिया (8 मिलियन )है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS